**ROLL NO.** | | | | | |

# INDIAN SCHOOL SALALAH
## FINAL EXAMINATION, FEBRUARY 2026 (AY 2025-26)

## HINDI COURSE - B (Code - 085)

**Class: IX** **Date: 12.02.2026**
**Time: 3 Hrs** **Maximum Marks: 80**

- **इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं।**
- **प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर केवल आवश्यक प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

---

01. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **1+1+1+2+2**

अच्छा नागरिक बनने के लिए भारत के प्राचीन विचारकों ने कुछ नियमों का प्रावधान किया है। इन नियमों में वाणी और व्यवहार की शुद्धि, कर्तव्य और अधिकार का समुचित निर्वाह, शुद्धतम पारस्परिक सद्भाव और सेवा की भावना आदि नियम बहुत महत्त्वपूर्ण माने गए हैं। यह सभी नियम यदि एक व्यक्ति के चारित्रिक गुणों के रुप में भी अनिवार्य माने जाएँ तो उसका अपना जीवन सुख और आनंदमय हो सकता है। सभी गुणों का विकास एक बालक में यदि उसकी बाल्यावस्था से ही किया जाए तो वह अपने देश का श्रेष्ठ नागरिक बन सकता है। इन गुणों के कारण वह अपने परिवार, आस-पड़ोस, विद्यालय में अपने सहपाठियों एवं अपने अध्यापकों के प्रति यथोचित व्यवहार कर सकेगा। वाणी एवं व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है, समाज में हार्दिक स्वभाव की वृद्धि करती है, किंतु अहंकारहीन व्यक्ति ही स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार का प्रयोग कर सकता है। अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अशिष्ट वाणी और व्यवहार का अभ्यासी होता है, जिसका परिणाम यह होता है कि ऐसे आदमी के व्यवहार से समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण नहीं बनता। जिस प्रकार एक व्यक्ति समाज में रहकर अपने व्यवहार से कर्तव्य और अधिकार के प्रति सजग रहता है उसी तरह उसे अपने देश के प्रति भी सजग रहना चाहिए।

i) **गद्यांश के अनुसार अच्छा नागरिक बनने के लिए नियमों का प्रावधान आवश्यक हैं क्योंकि यह-**

क) स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है, यह वातावरण को शांति से परिपूर्ण करता है।

ख) व्यक्तित्व को निखारकर जीवन को आमोद-प्रमोद से परिपूर्ण नहीं करता है।

ग) व्यक्तित्व को निखारकर जीवन को सुख और मंगल कामना से परिपूर्ण करता है।

घ) व्यक्ति को अहंकार, स्निग्ध वाणी और शिष्ट व्यवहार से परिपूर्ण करता है।

**ii) अहंकारी और दंभी व्यक्ति सदा अभ्यासी होता है-**

क) अशिष्ट वाणी का

ख) मधुर वाणी का

ग) शिष्ट व्यवहार का

घ) स्निग्ध वाणी और व्यवहार का

**iii) निम्नलिखित कथन(A)तथा कारण(R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिएः-**

**कथन(A)-** वाणी और व्यवहार की मधुरता सभी के लिए सुखदायक होती है।
**कारण(R)-** यह समाज में हार्दिक सद्भाव की वृद्धि करती है।

क) कथन(A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

ख) कथन(A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

ग) कथन(A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ) कथन(A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**iv) समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण क्यों नहीं बनता?**

**v) एक बालक में सभी गुणों का विकास बाल्यावस्था में होने से उसका व्यवहार कैसा होगा?**

**02. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिएः- 1+1+1+2+2**

संसार में अमरता ऐसे लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं, बहुदा ऐसे देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति संपन्न परिवारों में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्य वर्ग के घरों में या गरीब परिवारों में ही होता है। इस तरह उनका पालन पोषण साधारण परिवार में होता है वे सादा जीवन बिताने के आदि हो जाते हैं। मनुष्य में विनय, उदारता और साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अति आवश्यक है। इन गुणों का प्रभाव उनके जीवन पर पड़ता है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन और सरल बनाते हैं। सादगी का विचारों से घनिष्ठ संबंध है। मनुष्य को सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए। व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके आचार-विचारों में होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। उन्हें अपने ऊपर हावी नहीं होने देता है। सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति को कभी भी अपने आत्मसम्मान पर आँच नहीं आने देनी चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है। महात्मा गांधी सादा जीवन पसंद करते थे और हाथ के कते और बुने खद्दर के मामूली वस्त्र पहनते थे, किंतु अपने उच्च विचारों के कारण संसार में वंदनीय हो गए।

**i) विवेकशील व्यक्ति की प्रमुख पहचान क्या है?**

क) उनका जीवन अहंकारहीन और सरल होता है

ख) वे बहुत सोचने के बाद निर्णय लेते हैं

ग) मौके का फायदा उठाते हैं

घ) समय की बचत करता हैं

**ii) व्यक्ति की सच्ची पहचान किससे होती है?**

क) रोजगार से　　ख) परिवार से　　ग) वस्त्रों से　　घ) कर्मों से

**iii) अमरता कैसे लोगों को मिलती है?**

क) जो कभी नहीं मरते

ख) जो पुन: मानव रूप में जन्म नहीं लेते हैं

ग) जो आदर्शवादी होते हैं

घ) जो सेना में होते हैं

**iv)** गांधीजी संसार में वंदनीय क्यों हो गए?

**v)** विवेकशील व्यक्ति क्या करता है?

**खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण)**

03. **शब्द और पद पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

क) शब्द कब पद बनता है?　　1

ख) रेखांकित शब्द है या पद?　　1

**रवि ने <u>फूल</u> तोड़ा।**

04. **<u>किन्हीं दो</u> शब्दों में अनुस्वार या अनुनासिक लगाकर शब्दों को पुनः लिखिएः-**　　**2X1=2**

क) साप　　ख) पख　　ग) कुआ

05. i) **<u>किन्हीं दो</u> शब्दों में से उपसर्ग तथा मूलशब्द अलग करके लिखिएः-**　　**2X1=2**

क) उपचार　　ख) अधिकार　　ग) विचित्र

ii) **निम्नलिखित शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिएः-**　　**2X1=2**

क) पहाड़ी　　ख) प्रभावित

06. **निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> का संधि विच्छेद कीजिएः-**　　**3X1=3**

क) छात्रावास　　ख) सदैव　　ग) संहार　　घ) प्रत्येक

07. **<u>किन्हीं दो</u> वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाकर वाक्यों को पुनः लिखिएः- 2X1=2**

क) इंदु ईशा और राहुल सब पढ़ रहे हैं

ख) मैंने कहा, शाबाश तुम कक्षा में प्रथम आए हो

ग) आपने रात दिन मेहनत तो की लेकिन आपके रूपए कहाँ गए

08. **निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> वाक्यों का अर्थ की दृष्टि से भेद लिखिएः-** **3X1=3**

क) आप कहाँ रहते हैं?

ख) हो सकता है वह समय पर आ जाए।

ग) रवि आम लाया

घ) अरे! रवि आज आएगा।

**<u>खंड - ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)</u>**

09. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिएः-** **5X1=5**

सन् 1934-35 में गांधी जी वर्धा के महिला आश्रम में और मगनवाड़ी में रहने के बाद अचानक मगनवाड़ी से चलकर सेगाँव की सरहद पर एक पेड़ के नीचे जा बैठे। उसके बाद वहाँ एक-दो झोपड़े बने और फिर धीरे-धीरे मकान बनाकर तैयार हुए, तब तक महादेव भाई, दुर्गा बहन और चि० नारायण के साथ मगनवाड़ी में रहे। वहीं से वे वर्धा की असह्य गर्मी में रोज़ सुबह पैदल चलकर सेवाग्राम पहुँचते थे। वहाँ दिन भर काम करके शाम को वापस पैदल आते थे। आते- जाते पूरे 11 मील चलते थे। रोज़-रोज़ का यह सिलसिला लंबे समय तक चला। कुल मिलाकर इसका जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, उनकी अकाल मृत्यु के कारणों में वह एक कारण माना जा सकता है।

i) **गांधी जी सेगाँव कब गए?**

**क)** सन् 1934-35 में **ख)** सन् 1932-33 में

**ग)** सन् 1930-31 में **घ)** सन् 1937-38 में

ii) **मगनवाड़ी में महादेव भाई किसके साथ रहे?**

**क)** नरहरि भाई **ख)** दुर्गाबहन

**ग)** दुर्गा बहन और चि०नारायण दोनों **घ)** चि०नारायण

iii) **महादेव देसाई की अकाल मृत्यु का एक कारण-**

**क)** अच्छा भोजन न करना **ख)** प्रतिदिन ग्यारह मील चलना

**ग)** अस्तमा का रोग **घ)** अधिक आराम करना

iv) **महादेव भाई रोज़ सुबह पैदल चलकर कहाँ जाते थे?**

**क)** नंदीग्राम **ख)** सेवाग्राम

**ग)** मगनवाड़ी **घ)** नंदनग्राम

v) **मगनवाड़ी से चलकर गांधी जी कहाँ जा बैठे?**

**क)** एक किसान के घर **ख)** नदी के किनारे

**ग)** गाँव के सरहद पर एक पेड़ के नीचे **घ)** समुद्र के किनारे

10. **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए हुए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिएः- 5X1=5**

इन नए बसते इलाकों में
जहाँ रोज़ बन रहे हैं नए-नए मकान
मैं अक्सर रास्ता भूल जाता हूँ
धोखा दे जाते हैं पुराने निशान
खोजता हूँ ताकता पीपल का पेड़
खोजता हूँ ढहा हुआ घर
और ज़मीन का खाली टुकड़ा जहाँ से बाएँ
मुड़ना था मुझे
फिर दो मकान बाद बिना रंगवाले लोहे के फाटक का
घर था इकमंज़िला

**i) कवि रास्ता क्यों भूल जाता है?**

**क)** मुश्किल रास्तों के कारण **ख)** रोज़-रोज़ बनने वाले मकानों के कारण

**ग)** विस्मृति के केरण **घ)** टेढ़ी- मेढ़ी गलियों के कारण

**ii. पुराने निशान धोखा क्यों दे जाते हैं?**

**क)** निशान स्वयं बदल जाते हैं **ख)** उन पर धूल चढ़ जाती है

**ग)** उनके आस-पास नया निर्माण हो जाता है **घ)** उनके नक्शे बदल जाते हैं

**iii. पीपल के पेड़ को क्यों खोजना पड़ता है?**

**क)** वे काट दिए जाते हैं **ख)** उसके संग नए पेड़ उग आते हैं

**ग)** उनके आगे मकान बन जाते हैं **घ)** उन्हें रंगकर बदल दिया जाता है

**iv. 'ढहा हुआ घर' क्यों धोखा दे जाते हैं?**

**क)** दूसरी बार वह घर नहीं ढहता **ख)** दूसरी बार वह फिर-से नया बन जाता है

**ग)** दूसरी बार वह छिप जाता है **घ)** दूसरी बार शहर ढह जाते हैं

**v. लेखक हर बार निर्धारित मोड़ से आगे-पीछे क्यों मुड़ जाता है?**

**क)** एक जैसे घर होने के कारण **ख)** खराब स्मृति के कारण

**ग)** निरंतर बनते-टूटते मकानों के कारण **घ)** किसी के द्वारा रास्ता न बताने के कारण

11. **निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के 25-30 शब्दों में उत्तर लिखिएः-** **3X2=6**

क) पोशाक हमारे लिए कब बंधन और अड़चन बन जाती है?

ख) लोपसांग ने तंबू का रास्ता कैसे साफ किया?

ग) कॉलेज के दिनों में रामन की दिली इच्छा क्या थी?

घ) लेखक अतिथि को कैसी विदाई देना चाहता था?

12. **निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के 25-30 शब्दों में उत्तर लिखिएः-** **3X2=6**

क) "एक पत्र-छाँह भी माँग मत' इस पंक्ति का आशय 'अग्नि पथ' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ख) जब शुक गाता है, तो शुकी के हृदय पर क्या प्रभाव पड़ता है?

ग) 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता के आधार पर अगरबत्तियाँ बनानेवाले मज़दूरों की दयनीय अवस्था का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

घ) एक को साधने से सब कैसे सध जाता है? रहीम के दोहे के आधार पर लिखिए।

13. **संचयन (भाग-1) के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिएः-** **2X4=8**

क) गिल्लू किन अर्थों में परिचारिका की भूमिका निभा रहा था?

ख) त्रिपुरा 'बहुधार्मिक समाज' का उदाहरण कैसे बना?

ग) लेखक द्वारा पहली पुस्तक खरीदने की घटना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

14. **संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिएः-** **1X5=5**

**क) गाँव में बिताया एक दिन**

- कब-कहाँ व अनुभव व विशेष बात
- अनुभव व विशेष बात
- निष्कर्ष

**ख) अब अबला नहीं, सबला है नारी**

- बदलता समय व किसी से कम नहीं
- समान भागीदारी व नारी के बढ़ते कदम
- निष्कर्ष

**ग) जंक फूड़: स्वास्थ्य का सर्वनाश**

- जंक फूड़ से आशय
- युवा पीढ़ी का लगाव
- हानियाँ एवं निष्कर्ष

15. **<u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिएः-** **1X5=5**

राज्य स्तर पर क्रिकेट टीम में चयन होने पर बड़े भाई को बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

**अथवा**

बालश्रम जैसी सामाजिक समस्या के समाधान पर अपने विचार और सुझाव बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

16. **<u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिएः-** **1X5=5**

पशु-सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर पशु-सुरक्षा अधिकारी और छात्र के बीच होने वाले संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए, जिसमें जानवरों की सुरक्षा और सहायता पर चर्चा हो।

**अथवा**

ऑनलाइन शॉपिंग के लाभ-हानि पर ग्राहक और दुकानदार के बीच लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए।

17. **निम्नलिखित चित्र को देखकर अपने मन में उभरनेवाले विचारों को लगभग 100 शब्दों में लिखिएः-** **1X5=5**

